प्रादेिशक समाचार
दिनांक–04.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज आईआईटी मुंबई में पहली **घरेलू जीन थेरेपी** का शुभारम्भ किया है। यह थेरेपी कैंसर के इलाज के लिए कारगर साबित होगी।

****

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के जमुई में चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक उतारने वाला पहला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है। श्री मोदी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा की अब पूरे देश की तरह बिहार के लोग भी वंदे भारत ट्रेन में यात्रा करते हैं। श्री मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि बिहार में नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ा गया है।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी **के. रवि कुमार** दुमका जिला मुख्यालय में संताल परगना के छह जिलों दुमका, देवघर, पाकुड़ साहिबगंज, गोड्डा और जामताड़ा जिले में तैयारी की समीक्षा की। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक अमोल वेणुकांत होमकर, सीआरपीएफ में पुलिस महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक इंद्रजीत महता समेत कई पदाधिकारी सभी छह जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से चुनाव की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली।

****

चतरा जिले में जिला प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्रों के साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त रमेश घोलप ने आज जिले के पीवीटीजी आदिम जनजाति बैगा परिवारों से मतदान दिवस के दिन बूथों पर जाकर अपने अधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। वहीं उपायुक्त ने पूर्व में भी आदिम जनजाति बहुल गांव आसेदेरी में बैगा परिवार के मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें मतदाता की शपथ भी दिलाई।

****

विशेष पीएमएलए कोर्ट ने भूमि घोटाला मामले में पीएमएलए के तहत झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लिया है। बता दें कि बडगाईं अंचल जमीन घोटाला मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर ईडी के विशेष न्यायाधीश ने संज्ञान लिया है। इस मामले में अदालत ने आर्किटेक बिनोद सिंह, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप को समन जारी किया है।

****

वहीं दरोगा मीरा सिंह भी आज रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंची। ईडी के अधिकारी मीरा सिंह से पूछताछ शुरू कर दी है। इससे पहले मीरा सिंह दो अप्रैल को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश हुई थी। ईडी ने उनकी उपस्थिति में उनके डिजिटल डिवाइस से डाटा निकाला था। डाटा निकालने का काम पूरा नहीं होने की वजह से मीरा सिंह को फिर से हाजिर होने का निर्देश दिया गया था।

****

रांची जिला अभिलेखागार (रिकॉर्ड रूम) में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस और रांची के एसदीएम लॉ एन्ड आर्डर एवं रिकॉर्ड इंचार्ज ने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया।

****

लोहरदगा जिला में गर्मी शुरू होते ही जल संकट से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट – गोपी कृश्ण कुवंर, लोहरदगा – 44 सेकेंड

****

पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के बेदानी कला स्थित किराना स्टोर में आग लगने से लाखों की सम्पति जल कर नष्ट हो गयी। दूकानदार ने अंचल कार्यालय के साथ–साथ थाना में भी आवेदन देकर मुआवजा और घटना की जांच करने की मांग की है।

****

आज अंतरराष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। खदान, लैंड माइंस संबंधी गतिविधियों, मानवता के लिए इनके खतरों और उनसे बचने के उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक वर्ष चार अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है।

****

गिरिडीह जिले की पुलिस ने आज गया से कोलकाता जाने वाली महारानी बस से 1 करोड़ 9 लाख 50 हजार रुपए जब्त किए हैं। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि बस में कुछ लोग काफी रूपये ले जा रहे हैं। बगोदर थाना पुलिस ने औरा के पास बस में जांच की और तीन लोगों को पकड़ा गया। इनमें दो लोगों के पास से करीब सड़सठ लाख और एक अन्य व्यक्ति के पास करीब 42 लाख पचास हजार रुपये बरामद किया गया। पैसे के संबंध में तीनों से पूछताछ कि जा रही है। एसपी ने बताया कि आयकर विभाग को इसकी सूचना दी गई हैं। तीनों गया के रहने वाले हैं।

****** **समाप्त** ******